(b) the time limit fixed to provide these facilities to all the Gram Panchayats in the country; and

(c) the steps taken or proposed to be taken to provide such facilities in all the Gram Panchayats of the country?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM):(a)

(*i*) *Telecom:*

Information regarding district-wise number of Gram Panchayats in the country including Punjab is being collected and will be laid on the Table of the House.

(ii) *Postal:*

The district-wise number of Gram Panchayats with post offices in the country including Punjab are given in annexure, (*See* Appendix 172, annexure No. 22.).

(b) and (c) *Telecom:*

Government have now adopted a policy of providing public telephone facility to all the villages of the country including Gram Panchayats progressively by March, 1997 subject to availability of resources.

(ii) *Postal:*

Government's objective is to progressively extend postal network to all Gram Panchayats which satisfy the prescribed norms, subject to availability of resources and allocation of target by the Planning Commission. As such no time frame can be indicated.

सचल (मोबाइल) सार्वजनिक टेलीफोन

861. श्री रामजीलाल : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कुछ महीने पहले सचल (मोबाइल) सार्वजनिक टेलीफोन देने की योजना की घोषणा की थी,

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या इन टेलीफोन कनेक्शनों के लिए भी संसद सदस्यों का कोटा होगा;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और

(ङ) इस संबंध में सरकार ने किन-किन कंपनियों की निविदाओं को स्वीकार किया है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी, हां।

(ख) चार महानगरों क्रमश: बम्बई, दिल्ली, कलकत्ता तथा मद्रास में सैल्यूलर सचल टेलीफोन सेवा के प्रचालन हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। प्रत्येक शहर में दो-दो कम्पनियां अर्थात् आठ पंजीकृत भारतीय कम्पनियों को लाइसेंस दिये गए हैं। देश के शेष भागों में इस सेवा के प्रचालन हेतु पंजीकृत भारतीय कम्पनियों को फ्रेन्चाइज करने का निर्णय भी लिया गया है।

(ग) और (घ) चूंकि यह सेवा पंजीकृत भारतीय कम्पनियों द्वारा प्रदान की जाएगी। अत: सरकार का इन टेलीफोन कनेक्शनों में संसद सदस्यों का कोटा रखने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) जिन कम्पनियों को चार महानगरों में सैल्यूलर सचल सेवा प्रदान करने के लिए लाइसेंस जारी किए गए हैं, उनकी सूची विवरण में दी गई है।

विवरण

उन कम्पनियों की सूची जिन्हें सेल्यूलर सचल टेलीफोन सेवा उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंस प्रदान किए गए हैं :

क्रमांक	कम्पनी का नाम	नगर
1	मै० हचिसन मैक्स टेलकॉम देविका टावर 6 नेहरू प्लेस नई दिल्ली–110019	बम्बई
2	मै० बी पी एल सिस्टम्स एण्ड प्राजेक्ट्स लि० 1/1 पैलेस रोड बंगलौर–560001	बम्बई
3	मै० भारतीय सैल्यूलर लि० 15वां तल देविका टावर 6 नेहरू प्लेस नई दिल्ली–110019	दिल्ली
4	मै० स्टर्लिंग सैल्यूलर लि० 19 कैथेड्रल गार्डन रोड नंगमबक्कम, मद्रास–600034	दिल्ली
5	मै० ऊषा मार्टिन टेलकॉम लि० 503 हेमकुण्ट चैम्बर्स 89 नेहरू प्लेस नई दिल्ली–110019	कलकत्ता
6	मै० इण्डियन टेलकॉम प्रा० लि० 13वां तल हेमकुण्ड टावर 98 नेहरू प्लेस नई दिल्ली–110019	कलकत्ता
7	मै० स्काई सैल कम्यूनिकेशन प्रा० लि० सरदार मोहन सिंह भवन कनॉट लेन नई दिल्ली 110001	मद्रास
8	मै० मोबाइल टेलकॉम सर्विस लि० एन–83 प्रताप भवन प्रथम तल कनॉट सर्कस नई दिल्ली–110001	मद्रास